Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to ensure payment of balance fund to Weavers Cooperative Society.

श्री गुहाराम अजगल्ले (जांजगीर-चांपा): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा विषय कपड़ा मंत्रालय से संबंधित है । विपणन प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लाभ राशि के लिए बुनकर सहकारी समिति द्वारा एनएचडीसी, नेशनल हैंडलूम डेवलपमेंट कार्पोरेशन से कोसा धागा यार्न खरीदने की अनिवार्यता का नियम 1 जनवरी, 2014 से है । हथकरघा बुनकर समिति द्वारा एनएचडीसी से कोसा धागा खरीदना गुणवत्ता की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है, क्योंकि कोसा धागा की मोटाई और क्वालिटी सही नहीं है । एनएचडीसी से कोसा धागा यार्न की कीमत खुले बाजार मूल्य से अधिक है ।

अध्यक्ष महोदय, विपणन प्रोत्साहन योजना की पात्रता के लिए एनएचडीसी से कोसा धागा खरीदने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए या एनएचडीसी बुनकर सहकारी समिति को वस्त्र निर्माण के लिए कोसा धागा यार्न उपलब्ध कराने के बजाय, कोसा फल उपलब्ध करा दें । इससे हस्तकरघा से जुड़े कामगारों को लाभ मिलेगा ।

अध्यक्ष महोदय, मैं कपड़ा मंत्रालय में मंत्री महोदया से विनम्र प्रार्थना करता हूं कि बुनकर सहकारी समिति को विपणन प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लाभ राशि का वितरण सन् 2011 से 1 जनवरी, 2014 तक का नहीं हुआ है । उनकी बकाया राशि का वितरण कराने हेतु आवश्यक आदेश-निर्देश जारी करने की कृपा करें ।